<u>लोक सभा</u>

<u>अतारांकित प्रश्न संख्या 2511</u>

<u>08 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए</u>

इस्पात मूल्य

2511. श्री पी. के. बिजू:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में इस्पात की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) इस्पात के विनिर्माण हेतु उपयोग की जाने वाली सामग्रियों के मूल्यों में हुई वास्तविक वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार देश में इस्पात के मूल्यों को नियंत्रित रखने के लिए इस्पात के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) और (ख): घरेलू बाजार में इस्पात मदों की कीमतें अन्य के साथ-साथ घरेलू बाजार की परिस्थितियों, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस्पात की कीमतों, कच्चे माल और अन्य आदानों की कीमतों में उतार-चढ़ाव इत्यादि के आधार पर घटते-बढ़ते रहे हैं। अप्रैल, 2011-सितम्बर, 2014 की अवधि के दौरान घरेलू बाजार में एचआर क्वायल्स और टीएमटी बार्स की कीमतों में तिमाही आधार पर उतार-चढ़ाव दर्शाने वाली एक तालिका अनुलग्नक-। के रूप में संलग्न है। अन्य आदानों यथा श्रम, परिवहन इत्यादि की लागत में वृद्धि होने के कारण इस अवधि के दौरान इस्पात मदों की कीमतों में नाम मात्र की वृद्धि हुई है।

(ग): अप्रैल, 2011-सितम्बर, 2014 की अवधि के दौरान इस्पात विनिर्माण में प्रयुक्त होने वाली कच्ची सामग्रियों यथा श्रेडेड स्क्रैप, हार्ड कोकिंग कोल, लौह अयस्क और मेटलर्जिकल कोल की कीमतों में तिमाही आधार पर उतार-चढ़ाव दर्शाने वाली एक तालिका अनुलग्नक-।। के रूप में संलग्न हैं।

(ग) और (ड़): जी, नहीं।

(लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2511 दिनांक 08.12.2014)

अनुलग्नक - I

अप्रैल, 2011 से सितम्बर, 2014 के दौरान दिल्ली बाजार में तिमाही आधार पर इस्पात की औसतन फुटकर कीमत

(रुपए में/टन)

माह	हॉट रोल्ड कॉयल्स 2.0एमएम	टीएमटी 10एमएम
अप्रैल 2011	43020	43310
जून 2011	43120	44010
सितम्बर 2011	43210	43870
दिसंबर 2011	47430	46370
मार्च 2012	47630	47670
जून 2012	49050	50280
सितम्बर 2012	48840	49580
दिसंबर 2012	48650	48710
मार्च 2013	48720	47080
जून 2013	48710	47540
सितम्बर 2013	48900	47430
दिसंबर 2013	49020	47960
मार्च 2014	49320	48310
जून 2014	45500	47600
सितम्बर 2014	43500	45200

*परिवहन, करों एवं शुल्कों समेत दिल्ली बाजार में संकेतात्मक औसत कीमत।
(स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति)

(लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2511 दिनांक 08.12.2014)

अनुलग्नक – II

अप्रैल, 2011 से सितम्बर, 2014 के दौरान इस्पात हेतु कच्चे माल की तिमाही आधार पर कीमतें

कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतें रु./टन

माह	श्रेडेड स्क्रैप (एफओबी) रोटे्रडेम निर्यात	आस्ट्रेलिया हार्ड कोकिंग कोल	चीन में सीएफआर भारतीय लौह अयस्क का आयात (63% शुष्क लोहांश)	विनिमय दर रु. प्रति अमेरिकी डॉलर
अप्रैल-11	18176	14541	8157	44.33
जून-11	19739	13876	7878	44.76
सितम्बर-11	20686	14409	8893	47.55
दिसम्बर-11	22164	12046	7602	53.54
मार्च-12	20740	10823	7501	50.34
जून-12	20037	12398	7638	55.35
सितम्बर-12	19277	7928	5647	54.30
दिसम्बर-12	19873	8657	7078	54.45
मार्च-13	20980	8705	7678	54.07
जून-13	18123	7652	6616	57.53
सितम्बर-13	20976	9449	8441	62.99
दिसम्बर-13	21544	8210	8395	61.73
मार्च-14	20642	6657	6840	61.07
जून-14	21630	6669	एनए	60.08
सितम्बर-14	20936	6716	एनए	61.13
स्रोत: Platt				

मेटलर्जिकल कोल की संविदागत कीमतें		
वर्ष	संविदागत कीमत (रु./टन)	विनिमय दर रु. प्रति अमेरिकी डॉलर
2011 अप्रैल-जून	14768	44.75
2011 जुलाई-सितम्बर	14429	45.80
2011 अक्तूबर-दिसम्बर	14569	51.12
2012 जनवरी-मार्च	11839	50.38
2012 अप्रैल-जून	10963	53.48
2012 जुलाई-सितम्बर	12165	55.04
2012 अक्तूबर-दिसम्बर	9194	54.08
2013 जनवरी-मार्च	8965	54.34
2013 अप्रैल-जून	9565	55.61
2013 जुलाई-सितम्बर	8918	61.50
2013 अक्तूबर-दिसम्बर	9437	62.09
2014 जनवरी-मार्च	8734	61.50
2014 अप्रैल-जून	7196	59.97
2014 जुलाई-सितम्बर	7293	60.78